सारांश

इस्लाम धर्म में बेटी को नेकी का भंडार और अल्लाह की निशानी बताया गया है। इस्लाम शिक्षाओं में बेटी को घर में फूल, नेकी और एहसान का सरमाया बताया है। वे खुदा की निशानी और उसकी रहमत हैं। इस्लाम में हुक्म दिया गया है कि औलाद का एहतराम किया करो, बेटियों का अधिक ध्यान रखा करो और उनके साथ मेहरबानी तथा हमदर्दी से पेश आओ। महिला के प्रति आदर की भावना इस्लाम धर्म की अहम तालिम है। समाज में जितनी शिक्षा लड़कों के लिए जरूरी है उतनी ही लड़कियों के लिए भी है। विद्यार्थियों की एक साधारण समस्या बात-चित के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं से है। प्रायः विद्यार्थियों में सीमित शब्द कोश, धारा प्रवाह, आत्मविश्वास की कमी, हीनता की भावना, गलत उच्चारण, अभियक्ति की कमी, गलती करने का भय और बुद्धि तत्परता आदि ऐसी समस्याएँ हैं जो विद्यार्थियों के सम्प्रेषण को बाधित करती हैं तथा दूसरी तरफ विद्यार्थियों के बेहतर समाजीकरण में उनके परिवार एवं माता-पिता, पड़ोसी, मित्र-मंडली, विद्यालय एवं शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रस्तुत शोध में मुस्लिम छात्राओं के सम्प्रेषण समस्या और समाजीकरण पर उनके शिक्षा माध्यम के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। जिसमें विभिन्न शिक्षण माध्यमों (हिन्दी/अंग्रेजी/उर्दू) में अध्ययनरत छात्राओं का चयन जिला गाजीपुर(उत्तर-प्रदेश) की कुल 60 मुस्लिम छात्राओं को लिया गया है। प्राप्त परिणाम यह दर्शाता है कि मुस्लिम छात्राओं के सम्प्रेषण समस्या एवं समाजीकरण पर उनके शिक्षा के माध्यम का सार्थक प्रभाव पड़ता है। अंग्रेजी और उर्दू माध्यम में अध्ययनरत मुस्लिम छात्राओं की अपेक्षाकृत हिन्दी माध्यम की मुस्लिम छात्राओं में सम्प्रेषण समस्या सबसे अधिक एवं उर्दू माध्यम की छात्राएं अधिक समाजीकृत पायी गयीं।

मुख्य बातें- मुस्लिम छात्राएँ, सम्प्रेषण समस्या, समाजीकरण, शिक्षा माध्यम

Summary

As per Islam, daughter, is the symbol of Allah and stock of goodness. According to Islamic teachings, daughter is similar to flowers, goodness and favour in the house. They are sign and mercy of Allah. Islam has been ordered that to take care of daughters, please them with kindness and be sympathetic. There is need of same education to girls as boys in the society. A simple problem of students is the problems that occur during the conversation. Often students have limited words, stream flow, lack of confidence, the feeling of inferiority, the wrong pronunciation, speech fault, intimidation and intelligence preparedness *etc.* are those problems that interrupts the transmission of students, on the other hand for the better socialization of students his family, parents, neighbors, friends, school and the role of the teacher is important. Present study states the effect of their education medium on Muslim girl students communication problem and socialization. Communication problems meaning, the problems that occur during the discussion. Muslim girl student studying in various learning modes (Hindi, English and Urdu), Total 60 muslim girl students were selected from Ghazipur (Uttar Pradesh).The results obtained from the present study indicate the effect of medium of their education on the problem of communicating and socialization among Muslim girl student. Students from Hindi medium having more problem of communication and than English and Urdu medium Muslim students. Muslim girls studying in the Urdu medium have found to be the most socialized.

Key words: Muslim girl students, communication problem, socialization, Education medium.